Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 08-05-2023 | अंक 562

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में रोजगार सेवक व एक भेंडर घायल हुआ



**अपेम लाइव : बिरनी**

सरिया राजधनवार मुख्य मार्ग पर बीते देर रात बिरनी पंचायत के पालोंजिया निवासी चुरामन दास,व बिरनी निवासी रोजगार सेवक रमेश बैठा घायल हो गए जिसमे बिरनी निवासी चूरामन दास गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बिरनी प्रमुख, रामू बैठा, बिरनी पश्चिमी जिला परिषद प्रतिनिधि सीताराम पासवान, घायलों को अस्पताल पहुंचाया बिरनी अस्पताल मे इलाज कराया लेकिन चूरामन दास को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

### शादी में गये थे परिजन, युवक ने लगायी फांसी

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में सोमवार की सुबह मंदीप साव (35) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मंदीप की पत्नी एवं अन्य परिजन एक शादी में भाग लेने गये थे।समारोह के बाद जब वे सोमवार को घर पहुंचे तो देखा कि मंदीप फांसी लगाकर झूल रहा है।इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना छिपादोहर थाना को दी।सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार मौके पर पहुंचे।शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।थाना प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।परिजनों के अनुसार मंदीप की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल तिलैया डैम में मनाया गया वर्ल्ड रेड क्रॉस डे

**अपेम लाइव चंदवारा**

कोडरमा चंदवारा प्रखंड स्थित तिलैया डैम दिल्ली पब्लिक स्कूल तिलैया डैम में वर्ल्ड रेड क्रॉस डे बड़े ही आकर्षक तरीके से मनाया गया इस मौके पर विद्यालय के कक्षा पंचम से दशम तक के छात्र छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से मेडिकल सामानों का चित्रण किया तथा विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने डॉक्टर व नर्स के अवतार में नजर आए ज्ञात हो वर्ल्ड रेड क्रॉस डे प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है तथा इसका मकसद उन सभी जरूरतमंदों के बीच स्वस्थ संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराना इनकी प्राथमिकता है या एक चौरिटी है जो अधिकांशता विदेशों में कार्य करती है तथा इस मौके पर पेंटिंग में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान आने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं वह सभी शिक्षक गन मौके पर उपस्थित रहे।

### बड़कागांव पुलिस ने दो चोर को पकड़कर भेजा जेल

बड़कागांव थाना कांड संख्या 150/23 के तहत बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में सोमवार को सिकरी पंचायत से दो चोर को धारा 411,379,34 भाव दव विव के प्राथमिक अभियुक्त धिरंजन कुमार पिता कमलनाथ महतो वही दूसरा वासुदेव महतो पिता वकील महतो दोनो ग्राम तेलियातरी, थाना बड़कागांव ,जिला -हजारीबाग निवासी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है । पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से चोर को पकड़ा गया है लोहा चोरी करने का मामला है।

APEM LIVE

# दो लाख के इनामी नक्सली गिरफ्तार, देशी कट्टा बरामद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला गांव में बीती रात चंदवा पुलिस ने माओवादी के दो लाख का इनामी एरिया कमांडर काजेश गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर एक एसआईटी का गठन कर छापामारी किया गया। इस छापामारी में हेसला गांव से माओवादी के एरिया कमांडर काजेश गंझू उम्र 21 वर्ष पिता हरिशचंद्र ग्राम हेसला, थाना चंदवा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसके पास से लोडेड देसी कट्टा एवं जिन्दा गोली बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। एसपी ने बताया कि काजेश गंझू माओवादी का एरिया कमांडर है और रविन्द्र गंझू दस्ते का सक्रिय सदस्य है। काजेश गंझू के विरुद्ध लातेहार, गुमला एवं लोहरदगा हत्या, आगजनी, रंगदारी एवं पुलिस के ऊपर किए गए हमलों के तहत 24 कांड दर्ज है। काजेश गंझू चंदवा थाना अंतर्गत लुकईया मोड़ पर पुलिस पर किए गए हमले में भी शामिल था। एसपी ने आगे बताया कि लातेहार में नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से लातेहार पुलिस के द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड के दिशा निर्देश में लातेहार पुलिस के द्वारा लातेहार लोहरदगा के सीमावर्ती क्षेत्र एवं बूढ़ा पहाड़ में पुलिस को इस विशेष अभियान में काफी सफलता मिली है। इस विशेष अभियान में माओवादियों को काफी नुकसान पहुंचा है। जिसमें नक्सलियों के कई बंकर ध्वस्त किए गए एवं काफी संख्या में गोला बारुद और हथियार, गोली, बरामद किया गया एवं आगे भी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में कई माओवादी गिरफ्तार हुए और कई आत्मसमर्पण भी किए एवं कई मारे भी गए है। लातेहार पुलिस के इस विशेष अभियान से माओवादी अपने गढ़ से निकलने के लिए विवश हो गए है। इस मौके पर एसडीपीओ संतोष मिश्रा, चंदवा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, कुंदन कुमार एवं चंदवा सैट 202 के जवान शामिल थे। काजेश गंझू पर 24 आपराधिक मामले है दर्ज गिरफ्तार काजेश गंझू के ऊपर विभिन्न थानों में कुल 24 अपराधिक मामले दर्ज है। काजेश गंझू लातेहार , गुमला, लोहरदगा जिले में सक्रिय था। जहां हत्या, आगजनी, रंगदारी, पुलिस पर हमला जैसी कई बड़ी घटना को अंजाम दिया है। इसके उपर पेशरार थाना में पांच, किस्को में तीन, महुआडांड़, बिशुनपुर, बारेसाढ, बालूमाथ, सेरेनदाग थाना में एक-एक, गारू में दो, चंदवा में पांच, लातेहार में दो, जोबांग में दो अपराधिक मामले दर्ज है। छापेमारी अभियान में ये थे शामिल छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक सह चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक जमील अंसारी, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, कुंदन कुमार, चंदवा सैट-202 के जवान शामिल थे।

# कुंआ से मिली विजैया निवासी महेंद्र यादव का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## पूर्व विधायक के नेतृत्व में शव लेकर परिजन पहुंचे थाना



थाना का घेराव कर इंस्पेक्टर से वार्ता करते पूर्व विधायक मनोज यादव



मृतक महेंद्र यादव का शव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सोमवार सुबह विजैया के एक कुंआ से विजैया निवासी महेंद्र यादव ( 48) का शव को पुलिस ने बरामद किया है। वे रविवार रात आठ बजे से ही गायब थे। सुबह खोजबीन के दौरान उन्हें कुंवा में देखा गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए बरही थाना में आवेदन दिया है। मृतक के पुत्र रोहित कुमार ने बरही थाना में आवेदन देकर उनके पिता की हत्या का आरोप केदार यादव, देवलाल कुशवाहा, मेघलाल महतो, लोकेश महतो, मो कयूम, दसरथ यादव, चंद्रिका महतो, पर लगाया है। आरोप है की उपरोक्त नामित आरोपी उनके पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। कुछ दिन पहले बाजार लगाने के नाम पर उनके मकान के साथ लगी सीढ़ी तोड़ दी थी। अक्सर धमकी देते रहते थे। केदार यादव उनकी जमीन हड़पने की नियत से जमीन लिखवाने का दबाव बना रहा था। रोहित एवं मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया की उपरोक्त लोग उनके बाउंड्री को भी तोड़ दिए थे जिसकी लिखित सूचना थाना को दी गई थी। लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई नही हुई। शव के साथ किया थाना का घेरावरू आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में शव के साथ परिजनों ने थाना का घेराव किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की पुलिस प्रशासन की उदासीनता एवं लापरवाही के कारण घटना घटी। जब इसके पहले थाना को आवेदन दिया गया था। उस आवेदन पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। यदि कार्रवाई हुई होती तो शायद इतनी बड़ी घटना नहीं होती। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना पर डटे रहे। पुलिस निरीक्षक ललित कुमार ने परिजनों को आश्वस्त किया की त्वरित जांच कर दो से पांच दिनों के अंदर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। मौके पर मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, रितेश गुप्ता एवं परमेश्वर यादव , संतोष यादव, अशोक यादव सहित मृतक के दर्जनों परिजन मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही : भीषण गर्मी से सुख रही नदियां

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में लगातार भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रही है। गर्मी की शिद्दत के साथ ही तापमान में निरंतर बढ़ोतरी होने लगी है। जिसका सीधा प्रभाव जलस्तर पर पड़ा है। बरही प्रखंड के अधिकांश ताल तलैया सूखने लगे है। जलस्तर में कमी और नदी - तालाब सूखने से इंसान ही नही पशु पक्षी और मवेशियों की भी मुस. ीबत बढ़ गई है। दूर - दराज के ग्रामीण क्षेत्र और जंगली इलाकों में पीने का पानी के लिए बनाए चुंवा आदि भी सुख रहे है। इससे दुरुस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण तथा आदि जनजाति के लोगों के साथ - साथ पशु पक्षियों जीव - जंतुओं के लिए पानी का संकट गहरा गया है। गर्मी के कारण जलस्तर पाताल की और समाने लगी है। कुंआ, नदी, नाले आदि जलाशय सुख रहे है। कई गांवों का तालाब अभी से सुख चुकी है।

**क्या कहते है ग्रामीण**

ग्रामीणों का कहना है की पंचायत चुनाव के दौरान लोगो में उम्मीद जगी थी की लोगों को पानी, सड़क आदि मूलभूत सुविधा उपलब्ध होंगी। फिर भी लोग पानी के लिए तरस रहे है। जल संरक्षण को ले सरकार हर साल लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन की अनदेखी के कारण बहुत ऐसे गांव है जहां तालाब का जीर्णोधार नही हो पाया है।

## बूढ़ाचांच जंगल से बरामद महिला के शव मामले का हुआ उद्भेदन, विष्णुगढ़ के एक समेत छह आरोपी गिरफ्तार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बगोदर के बूढ़ाचांच जंगल में बीते 28 अप्रैल को पेड़ से बंधे महिला के शव मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस हत्याकांड में संलिप्त विष्णुगढ़ के एक समेत छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिसिया जांच के क्रम में पाया गया कि मृतका जरमुने निवासी कुंती देवी अपने पति से अनबन के कारण अलग रहा करती थी। इस बीच महिला का उसी गांव के एक व्यक्ति के साथ अवैध संबंध बन गया था। यह बात उस व्यक्ति की पत्नी को नागवार गुजरा। उसने इसका काफी विरोध किया लेकिन दोनों की हरकतों में सुधार नहीं हुआ। नतीजतन उसने प्रेमिका महिला को रास्ते से हटाने की ठान ली और उसकी हत्या करा दी। तकनीकी अनुसंधान में पाया गया कि मृतका का जिस व्यक्ति के साथ अवैध संबंध का आरोप था उसी की पत्नी, पुत्र और भगीना ने महिला की हत्या करवाने की साजिश रची। इसके लिए इन तीनों ने बगोदर निवासी प्रेम कुमार के माध्यम से अजय कुमार को तीन लाख रुपए की सुपारी दी। जिसके बाद सुपारी किलर अजय ने अपने सहयोगी मीना देवी, सूरज कुमार, रितिक कुमार, मुकेश कुमार और रंजन कुमार के सहयोग से महिला का बगोदर बाजार से अपहरण कर लिया और बूढ़ाचांच जंगल ले जाकर बेरहमी से गला दबाकर हत्या कर शव को पेड़ से बांध दिया। शव की पहचान छुपाने के लिए चेहरा विकृत करते हुए पहने गए आभूषणों को भी आरोपियों ने निकाल लिया। अनुसंधान में पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर घटना में प्रयुक्त मारुति ओमनी वैन, बाइक, मोबाइल, मृतका की पायल, बिछिया, साड़ी-ब्लाउज के अलावा सुपारी के 13 हजार रुपये बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विष्णुगढ़ के बसरिया निवासी प्रेम कुमार, कुलगो निवासी मीना देवी, जरमुने निवासी बसंती देवी व हरिओम शंकर, रोशनटुंडा निवासी मुकेश साव समेत एक नाबालिग लड़का शामिल हैं। फिलहाल पुलिस ने सभी अभियुक्तों को गिरिडीह जेल भेज दिया है।

## खतियानी मैराथन में पूर्व विधायक अमित महतो के साथ दौड़े बरही युवा, युवा नेता कृष्णा यादव का मिला साथ

### सता में बैठते ही बदल गए हेमंत सरकार के सुर : अमित महतो





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित महतो के द्वारा पिछले 11 फरवरी से खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करने को मांग को लेकर मैराथन दौड़ का अयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन सभी विधान सभा में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को 1932 के खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति की मांग को लेकर बरही विधानसभा के युवा नेता कृष्णा यादव के नेतृत्व में स्थानीय धावकों के साथ 21 किलोमीटर की दौड़ लगाई। जिसने सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो भी शामिल रहे। बरही विधानसभा में मैराथन दौड़ की शुरुआत चंदवारा के महतो अहरा से एवं समापन बरही चौक पर किया गया। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की उनके द्वारा प्रदेश भर में मैराथन दौड़ लगाई जा रही है। सोमवार को दौड़ का 87वाँ दिन था और बरही 39 विधानसभा है। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार और पूर्व की एनडीए सरकार पर भी निशाना साधा। कहा की दोनो ने झारखंड के लोगों को उपेक्षित रखा है। राज्य गठन के 22 साल बाद भी खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति का निर्धारण नहीं हुआ है। जिसके कारण युवाओं को रोजगार से वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। कहा की चुनाव के समय किए वायदे को हेमंत सरकार भूल गई है। सत्ता में बैठते ही हेमंत सरकार की सूर बदल गई है और वे भी पुरानी सरकार के नक्शे कदम पर चल रहे है। उन्होंने कहा की 1932 के खतियान आधारित, स्थानीय और नियोजन नीति का निर्धारण होना चाहिए। उन्होंने कहा की झारखंडियों को 1985 और 60 : 40 के आधार पर स्थानीय और नियोजन नीति की जरूरत है। उन्होंने बताया की खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति समेत अन्य मांगों को लेकर गत 20 जनवरी 2022 को सीएम हेमंत सोरेन को एक महीना का अल्टीमेटम दिया था और इस अल्टीमेटम के तहत 20 फरवरी 2022 तक उनकी मांग पूरी नहीं गई। जिसको लेकर उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। मौके पर सैकड़ो युवा शामिल थे।

## द आरसीआई दे रहा है न्यू सेशन के बच्चों को बम्पर छूट, सभी कोर्सेस पर 30% से 35% तक की छूट

### न्यू सेशन की क्लासेस 15 मई से होगी शुरू, 9 से 13 मई तक होगी रेजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

### आर्ट्स, कश्वमर्स एवं स्पोकेन इंग्लिश की क्लासेस सुबह 8 बजे है जारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग रोड पानी टंकी के समीप स्थित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के निदेशक राकेश रोशन ने जानकारी देते हुए बताया कि आधुनिक युग मे कंप्यूटर का महत्व बहुत बढ़ गया है। भारत सरकार ने भी कंप्यूटर सेक्टर को बढ़ावा देने का काम कर रही है। इस बार के बजट में वित्त मंत्री जी ने भी कौशल विकास के तहत कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को बढ़ावा देने की बात कही है। इससे स्वंय ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कंप्यूटर का महत्व कितना बढ़ चुका है। इस टेक्नोलॉजी के जमाने मे कंप्यूटर के बिना एक भी काम नहीं हो रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हमने सभी कोर्सेस पर 30% से 35% तक छूट देने का फैसला किया है। जिससे कि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सके। इसके अलावा बताया कि आर्ट्स, कॉमर्स एवं स्पोकेन इंग्लिश की क्लासेस सुबह 8 बजे से जारी है। इस सेशन के लिए न्यू बैच 15 मई से प्रारंभ होने जा रही है। जिसके लिए सबसे पहले स्टूडेंट्स को अपना रे. जिस्ट्रेशन करवाना होगा। इसके लिए निम्न डॉक्यूमेंट का फोटो कoपी जमा करना होगा; 1. मैट्रिक का मार्कशीट/एडमिट कार्ड, 2. आधार कार्ड एवं 3. दो पीस पासपोर्ट साइज फ़ोटो के साथ 100 रुपये रेजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करना होगा। रेजिस्ट्रेशन की तिथि 9 मई से 13 मई तक सीमित रखी गयी है। अधिक जानकारी के लिए 9110908004 पर सम्पर्क कर सकते हैं या फिर इंस्टीट्यूट आ कर सम्पर्क कर सकते हैं।




## बरही सीओ ने किया 5 विद्यालयों का औचक निरीक्षण, शिक्षक उपस्थिति की जांच

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


जांच करते सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो

जिला उपायुक्त हजारीबाग के निर्देशानुसार बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बरही प्रखंड के पांच विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिन विद्यालयों का निरीक्षण किया, उनमें राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवपुर, प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह एवम राजकीय मध्य विद्यालय बरसोत शामिल है। सभी विद्यालयों से स्वीकृत शिक्षको की संख्या, कार्यरत शिक्षकों की संख्या, निरीक्षण के समय उपस्थित शिक्षको की जानकारी ली। इसके साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधि के साथ साथ शिक्षण व्यवस्था की भी जानकारी ली। इस बाबत सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया की उपायुक्त महोदया के निर्देशानुसार उन्होंने पांच सरकारी विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय कोरियाडीह की शिक्षिका मधुबाला कुमारी सीएल के तौर पर अनुपस्थित थी। शेष सभी शिक्षक सही समय पर कार्यरत पाए गए। मौके पर संजय दूबे, मनोज घोष, शशि भूषण, संजू कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## लखना स्कूल में चलाया गया स्वच्छता अभियान, की गई परिसर की सफाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


स्वच्छता अभियान में शामिल लोग

स्वच्छ भारत अभियान के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता पखाड़ा के अवसर पर दुलमाहा पंचायत के लखना उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व मुखिया नारायण यादव एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र गिरी एवं विद्यालय के सचिव मो जावेद ने किया। उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर जितेंद्र गिरी ने कहा की हरेक व्यक्ति को स्वच्छता को बढ़ावा देना चाहिए। आस पास साफ सुथरा रखना हम सभी का कर्तव्य है। शिक्षा का मंदिर को साफ सुथरा रखना बच्चो के साथ साथ शिक्षकों को भी मुख्य दायित्व होनी चाहिए। स्वच्छता अभियान में मुखिया नारायण यादव, पुर्व पंचायत समिति सदस्य जीतेन्द्र गिरी, स्कूल सचिव मो जावेद, अध्यक्ष मो शमीम शाह,मो मिन्हाज, तबारक हुसैन, मो याकुब, मो समशुद्दीन, मो हसन रजा,मो कुदुस, मो सरफुद्दीन, मो मनउुवर , इत्यादि ग्रामीण मौजूद थे।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण कर अश्लील वीडियो वायरल करने को लेकर केस दर्ज

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर कला गांव की एक पीड़िता ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। युवक चतरोचट्टी थाना के हुरलुंग गांव का रहने वाला है। पीड़िता के आवेदन पर विष्णुगढ़ थाना में आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने आवेदन में कहा है कि चतरोचट्टी थाना के हुरलुंग निवासी युवक कपिल कुमार पांडे ने पहले शादी का झांसा दिया। इसके बाद शारीरिक संबंध बनाया। इसका अश्लील वीडियो क्लिप भी तैयार कर लिया। शादी की बात कहने के बाद आरोपी युवक मुकर गया और मोबाइल में बनाये गए अश्लील वीडियो को वायरल कर दिया। पीड़िता के आवेदन पर फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

## भक्तिमय हुवा नेवरीकरमा, आस्था का उमड़ा जनसैलाब, कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ

### यज्ञ स्थल का क्षेत्र पवित्र और देवमय बन जाता है : मनोज यादव





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

दादपुर पंचायत के नेवरीकरमा में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी नवदिवसीय महायज्ञ एवं भागवत कथा का शुभारंभ हुवा। 501 कलश के साथ निकले कलश यात्रा में बड़ी सख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा। कलश यात्रा में मुख्यरूप से बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जीप सदस्य राकेश रंजन, रवि अकेला यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, स्थानीय मुखिया गंदौरी दाँगी, पूर्व मुखिया अरविंद सिन्हा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव सहित अन्य। इससे पूर्व यज्ञ समिति के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद यादव, सचिव महेश यादव, कोषाध्यक्ष कामदेव प्रजापति, संरक्षक गणेश यादव, व्यावस्थापक राजेश कुमार यादव आदि सक्रिय सदस्यों ने अतिथियो को भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया। नेवरी स्थित देवी मंडप से निकला कलश यात्रा महराजगंज, दादपुर होत हुए नवादा कोयला नदी पहुँचा जहां यज्ञ आचार्य ने जलभरनी का कार्य सम्पन्न कराया। कलश यात्रा में शामिल पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पूरा नेव. रीकरमा भक्तिमय हो गया है। यज्ञ मानव जीवन को सफल बनाने के लिए एक आधारशिला है। इसके कुछ भाग विशुद्ध आध्यात्मिक हैं। अग्नि पवित्र है और जहां यज्ञ होता है, वहां संपूर्ण वातावरण, पवित्र और देवमय बन जाता है। यज्ञवेदी में श्स्वाहाश कहकर देवताओं को भोजन परोसने से मनुष्य को दुख-दारिद्रय और कष्टों से छुटकारा मिलता है। कलश यात्रा में जीप सदस्य राकेश रंजन स्थानीय मुखिया गंदौरी दाँगी, पूर्व मुखिया अरविंद , मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, सियाराम सिंह, देवल यादव, राकेश पांडेय, सतेंद्र सिंह, गुलाब रजक, कैलाश दाँगी, मुन्ना यादव, कृष्णा पासवान, सुरेन्द्र पांडेय, देवकुमार दाँगी, महेंद्र सोनी, राजेन्द्र दाँगी, मोहन भारती, परमेश्वर यादव, रा. जकुमार यादव, सुबोध , राजेश यादव, राजाराम यादव, पिंटू यादव, नवीन यादव, संजय यादव, ईश्वरी यादव, शिवकुमार यादव, महेंद्र साव, कांग्रेस नेता गुलाबी यादव, अभिमन्यु भगत, बैजू गहलोत सहित अन्य।

## डोकाटाँड़ में श्री श्री 1008 श्री गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा





**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के डोकाटांड में नौ दिवसीय आयोजित श्री श्री 1008 श्री गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सोमवार को 1701 कलश वर्तीयो ने लगभग 8 किलोमीटर नंगे पांव चिलचिलाती धूप में पैदल चलकर बादम बदमाही नदी से जल का उठाव किया। कलश यात्रा में विधायक अंबा प्रसाद के अलावा प्रखंड के कई प्रबुद्ध धर्म प्रेमी ने कलश यात्रा में शामिल हुए एवं महायज्ञ समिति के लोगों का मनोबल को बढ़ाया। महायज्ञ 8 मई से लेकर 16 मई तक किया जाएगा। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि इस तरह के महायज्ञ के भक्ति आयोजन से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। क्षेत्र में यज्ञ होने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है व जहां तक मंत्रोच्चारण की ध्वनि पहुंचती है वहां तक पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है। वही महायज्ञ में महाकाल ग्रुप के लोगों के द्वारा प्रत्येक दिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ में 24 लोगों ने मुंडन करवा कर अपने पत्नियों के साथ पूजा में बैठे हैं जिसमें मुख्य रुप से त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, सुखदेव कुमार, शिव शंकर साव, दीपन कुमार, हरि साव, ढलन साव, अखिलेश साव, राजकुमार साव, शंभूनाथ साव, अर्जुन साव, बिहारी साव, प्रभु साहू शिवलाल साहू डोमन साव, कैलाश साव, केदार साव, जय नंदन साव, अजीत साव, प्रमोद साव, नरेश साव, नरेश साव, हीरामन साव,होरिल साव, हीरामन साव ,निर्मल साव शामिल हैं। वही कलश यात्रा में शामिल लोगों में मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देते, मुखिया गणेश साहू, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे , चंद्रिका साव, चंदर साव, भाजपा नेता अशोक साहू, खेमलाल महतो, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता,महायज्ञ समिति के संयोजक शिव शंकर कुमार साव, अध्यक्ष हरी साव, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, सचिव राजकुमार साव, उपसचिव शंभू नाथ साहू, दशरथ साव, कारू साव , उपाध्यक्ष बोधन साव, बिंदु साव, संरक्षक कन्हाई साव, उपकोषाध्यक्ष दीपक साव, जीबलाल साव, ढलन साव,बसंत कुमार ठाकुर, सोहर राणा, जनक भुइयां, अर्जुन साव,अजीत साव, सुजीत कुमार, केदार साव ,बिहारी साव, सुखदेव कुमार, गिरधारी साहू, बबलू कुमार, जयनंदन साव,राजेंद्र साव,विजय कुमार,प्रदीप साव,हीरामन साव,उमेश साहू, सुशीला देवी, मीना देवी, चिंता देवी ,मंजू देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, पार्वती देवी, सीता देवी,देवंती देवी, दुलारचंद कुमार, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार, गंगाधर कुमार, निर्मल साव, आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विहिप ओर बजरंग दल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है नो मई को सभी मंदिरों में पाट किया जायेगा

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**

बजरंग दल का देशव्यापी हनुमत शक्ति जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 9 मई मंगलवार को जिला– गिरिडीह के सभी प्रखंड एवं गिरिडीह नगर के सभी पंचायतों के मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा रू हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से हनुमत शक्ति को जागृत कर कांग्रेस सहित आतंकियों के पैरोकार अन्य संगठनों, तथा देश विरोधी और हिंदू विरोधी मानसिकता की सद्बुद्धि हेतु भगवान बजरंगबली का आह्वान करेगा। विश्व हिंदू परिषद, गिरिडीह के जिला मंत्री निरंजन कुमार ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कर्नाटक में कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में और उसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों में कांग्रेसी व कुछ अन्य हिंदू द्रोही नेताओं के द्वारा बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा और, बजरंग दल जैसे देशभक्त संगठन की तुलना, पी एफ आई जैसे देशद्रोही आतंकी व हिंसक संगठन से करने से, देश भर में बजरंगियों में एक जबरजस्त आक्रोश है। इस तरह की तुलना बजरंग दल के लिए और विशेषकर हिंदू समुदाय के लिए बहुत ही अपमानजनक है। हिंदू समाज निश्चित रूप से इस तरह के अपमान का लोकतांत्रिक सबक, हिंदू विरोधी शक्तियों को सिखाएगा। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि क्या इन सारे नेताओं को नहीं दिखाई देता कि बजरंग दल देश भर में गौ रक्षा, कन्या रक्षा, रक्तदान, मठ मंदिर व धर्म स्थल की रक्षा के साथ धर्मांतरण रोकने जैसे सेवा कार्य में लगा हुआ है संपूर्ण हिंदू समाज को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि बजरंगबली के भक्तों के अपमान के विरोध स्वरूप कल दिनांक 09 मई 2023, दिन मंगलवार को देशभर में हजारों स्थानों पर होने वाले हनुमान चालीसा कार्यक्रम में से किसी एक कार्यक्रम में अपने पड़ोसियों और परिजनों के साथ शामिल होकर धर्म द्रोही शक्तियों को परास्त करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## गिधौर प्रखण्ड के मनार इचाक के ग्रामीण हुए गोलबंद

### मनार इचाक में पत्थर खादान खोलने का कर रहे हैं विरोध





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

चतरा/कान्हाचट्टी : गिधौर प्रखण्ड के बरियातू पंचायत के मनार इचाक गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने गांव में ही एक दबंग ब्यक्ति द्वारा जालसाजी कर घनी आबादी वाले स्थान पर जबरन पत्थर खादान और क्रशर खोलने का जम कर विरोध ग्रामीणों ने किया है।गांव के सैकड़ो की संख्या में महिला और पुरुषों ने गांव में माइंस खोलने का विरा.ेध प्रदर्शन भी कर चुके हैं।ग्रामीणों ने इसके विरोध स्वरूप गांव में विशाल जुलूस निकाल कर सभी ने एक स्वर में कहा है कि जान दे देंगे लेकिन गांव के जमीन पर पत्थर खादान और क्रशर नहीं खुलने देंगे।ग्रामीणों ने उपायुक्त एक खनन पदाधिकारी को एक आवेदन भी लिखा है जिसमे ग्रामीणों ने कहा है कि गांगपुर निवासी परमेश्वर साव ने मनार इचाक ग्राम के कुछ ग्रामीणों ने खेती बारी करने को कह कर कुछ जमीन खरीदा लेकिन उसमें खादान का जिक्र नहीं किया लेकिन बाद में जो जमीन बेचे थे उन से सादा पेपर(कागज)पर हस्ताक्षर करवा कर पत्थर खनन के लिए प्रस्तुत कर रहे थे।जब इसकी जानकारी हम लोगो को हुई तो परमेश्वर साव से बात किये तो उन्होंने साफ कहा कि हम वहां खादान खोलेंगे।जिसके बाद ग्रामीणों ने कहा कि जहां खादान खोलने की बात कर रहे हैं वहां घनी जनसख्या है खादान कैसे खोलेंगे।जिसके बाद प्रमेश्वर साव तथा उनके पुत्रो द्वारा गली गलौज किया गया।उसके बाद जो जमीन बेचे थे वे लोग शपथ पत्र बनाकर चतरा न्यायालय में एक परिवाद पत्र भी दायर किया है जिसका मुकदमा संख्या 415/2023 है। शपथ पत्र में जमीन देने वालो ने कहा है कि हम लोगो से परमेश्वर साव ने मेरे जमीन पर कृषि कार्य के लिए लोन दिलवाने के नाम पर हमारा भी कागज ले गया तथा मेरा फर्जी हस्ताक्षर भी बना दिया है जो सरासर गलत है।इधर ग्रामीणों ने उपायुक्त एवं खनन पदाधिकारी से भी गुहार लगाया है कि हमारे गांव मव जिस जगह पर पत्थर खनन करने जा रहा है वहां पर लगभग चालीस से पच्चास घर बगल में ही है तथा पूरे गांव में इसका खादान का विस्फोट का असर पड़ेगा।ग्रामीणों ने यहां पर खादान न खोलने का गुहार लगाया है।ग्रामीणों ने कहा कि पैसा और दबंगई के बल पर परमेश्वर साव हम लोगो के जमीन पर जबरन माइंस खोलना चाह रहे हैं हालांकि हम पूरे गांव के लोग इसका पुरजोर विरोध करते हैं और हम लोग भले ही जान दे देंगे लेकिन गांव के जमीन पर खादान और क्रशर नहीं खुलने देंगे।गांव के लोगो ने कहा कहना है कि परमेश्वर साव पैसा के बल पर गांव के आवाज को दबाना भी चाह रहे हैं तथा ग्रामीणों को झूठा मुकदमा में फंसाने का भी धमकी दे चुके हैं।ग्रामीण इसका विरोध्वके लिए कई तरह के रणनीति बनाए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यदि माइंस खोलने की कोशिश की जाती है तो गांव से जिला तक धरना पर्दशन करेंगे।खनन का वोरोध करने वालो में संगीता देवी,गायत्री देवी,रूपा देवी,रेणु देवी,बसन्त कुमार सिंह,नरेश यादव,जहूर मियाँ,सुरेश यादव,सुधीर सिंह,मीणा देवी,प्रेमा देवी,कैलाश भुइयाँ,प्रसादी भुइयाँ,सुखदेव राणा,सुखी रविदास,सहादेव साव,विक्रम कुमार सिन्हा,मुकेश कुमार साव,केशर राणा,रोहिणी देवी ,पार्वती देवी सहित सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है।

## डिवाइन स्कुल में विश्व एथलेटिक्स दिवस का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकटठ्ा**
**सुनील कुमार**



बरकठ्ठा प्रखंड क्षेत्र के गंगपांचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल परिसर में विश्व एथलेटिक्स दिवस का आयोजन किया गया खेल का शुभारंभ निदेशक आई.पी. भारती व प्राचार्या स्वाति रंजन के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि स्पोर्ट्स हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह हमें मजबूत स्वास्थ्य और तंदुरुस्त बनाए रखता है ये वो क्षेत्र है जो हमें एक समान दिनचर्या से कुछ अलग परिवर्तन दे सकता है प्राचार्य स्वाती रंजन ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वाश होता है साथ ही बच्चों में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है इसलिए बच्चों के मनोबल को बढ़ाने हेतु समय – समय पर खेल का आयोजन करते रहना चाहिए । खेल प्रशिक्षक भोला राणा एवं पूनम कुमारी के द्वारा सभी खेलो का संचालन किया गया जिसमें 50मीटर एंव 100मी.दौड़ कराया गया 50 मीटर दौड़ जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान राधिका कुमारी ने गोल्ड मेडल द्वितीय स्थान सीमा कुमारी ने सिल्वर मेडल प्राप्त की! 100 मीटर दौड़ सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मनीषा कुमारी ने गोल्ड मेडल द्वितीय स्थान श्रुति कुमारी ने सिल्वर मेडल एवं तृतीय स्थान पर अनुप्रिया ने कांस्य पदक प्राप्त की सब जूनियर बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सूरज कुमार गोल्ड मेडल द्वितीय स्थान रोशन कुमार यादव सिल्वर मेडल एवं तृतीय स्थान पर पंकज कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त की। 50 मीटर जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान अनुज कुमार ने गोल्ड मेडल द्वितीय स्थान पर रितेश कुमार ने सिल्वर मेडल एवं तृतीय स्थान सागर सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान कुंदन राम ने गोल्ड मेडल द्वितीय स्थान अजय कुमार ने सिल्वर मेडल एवं तृतीय स्थान रुपेश ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्रभाकर कुमार ने गोल्ड मेडल द्वितीय स्थान पिंटू कुमार ने सिल्वर मेडल एवं तृतीय स्थान पुरुषोत्तम कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया जिसमें अनिल कुमार उपाध्याय ,राणा तेज. स्वी ,राजीव मोदी, संजय शाह, कुमार सौरभ रंजन ,संजय सिन्हा ,विवेक, सी बाली,विशाल मिश्रा, दीक्षा कुमारी, मानती कुमारी ,अलीसबा , क्रांति ,सोनाली ,पूर्णिमा, रीता एवं राधा समेत शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में पलामू विभाग टोली की हुई बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को पलामू विभाग के विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल की अध्यक्षता में विभाग टोली की एक बैठ्क का आयोजन किया गया।बैठक का शुभारम्भ पूर्व प्रदेश सचिव वनांचल शिक्षा समिति झारखण्ड रमेश कुमार द्विवेदी, पलामू विभाग निरीक्षक नीरज लाल, विद्यालय अध्यक्ष अनिल ठाकुर, मेदिनीनगर विद्यालय के सचिव राजीव रंजन, क्षेत्र/प्रान्त के सह संगीत प्रमुख रविकांत पाठ्क और लातेहार विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता, और भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बैठ्क में वर्ष भर की योजनाओं का निर्माण, क्रियान्वयन, समीक्षा की गई और विभाग के विषय प्रमुखो कों चुना गया। इस अवसर पर नीरज लाल ने प्रान्त की ओर से आए नए नियमावली की चर्चा की और आने वाले समय में कौन कौन से करणीय कार्य है उसके बारे में बताया।वहीँ रमेश कुमार ने कहा कि आज के समय में खुद को अद्यतन करके समस्याओं का विकल्प ढूंढना होगा। अंत में विद्यालय के अध्यक्ष ने अपने आशीर्वचन में कहा की विद्यालय की शैक्षणिक स्तर कों ठीक करके हम सारी समस्याओं का समाधान कर सकते है। बैठ्क में वंशीधर संकुल के प्रधानाचार्य रविकांत पाठ्क, जपला संकुल के प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे, मेदिनीनगर संकुल के प्रधानाचार्य रमेश सिंह, लातेहार संकुल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी और अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थिति रहे। बैठक की समाप्ति शांति मंत्र के साथ की गई।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों का ससमय करें निपटारा : उपायुक्त

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग /जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य है। जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें एवं शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को मिले, ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे।उप विकास आयुक्त कार्यालय ,खाद्य आपूर्ति ,जिला समाज कल्याण समेत अन्य विभागों की समीक्षा के क्रम में ससमय निष्पादन करने का निदेश दिया।वहीँ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मामला किस स्तर से लंबित है इसकी जानकारी रिपोर्ट दें। प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में आए हुए विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए। साथ ही लंबित पड़े मामले जिनका निष्पादन हो गया है उनको संचिका सूची से बाहर किया जाए।बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक, आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार ,जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी अजय कच्छप, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डोकाटाँड़ में श्री श्री 1008 श्री गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा





**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के डोकाटांड में नौ दिवसीय आयोजित श्री श्री 1008 श्री गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सोमवार को 1701 कलश वर्तीयो ने लगभग 8 किलोमीटर नंगे पांव चिलचिलाती धूप में पैदल चलकर बादम बदमाही नदी से जल का उठाव किया। कलश यात्रा में विधायक अंबा प्रसाद के अलावा प्रखंड के कई प्रबुद्ध धर्म प्रेमी ने कलश यात्रा में शामिल हुए एवं महायज्ञ समिति के लोगों का मनोबल को बढ़ाया। महायज्ञ 8 मई से लेकर 16 मई तक किया जाएगा। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि इस तरह के महायज्ञ के भक्ति आयोजन से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। क्षेत्र में यज्ञ होने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है व जहां तक मंत्रोच्चारण की ध्वनि पहुंचती है वहां तक पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है। वही महायज्ञ में महाकाल ग्रुप के लोगों के द्वारा प्रत्येक दिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ में 24 लोगों ने मुंडन करवा कर अपने पत्नियों के साथ पूजा में बैठे हैं जिसमें मुख्य रुप से त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, सुखदेव कुमार, शिव शंकर साव, दीपन कुमार, हरि साव, ढलन साव, अखिलेश साव, राजकुमार साव, शंभूनाथ साव, अर्जुन साव, बिहारी साव, प्रभु साहू शिवलाल साहू डोमन साव, कैलाश साव, केदार साव, जय नंदन साव, अजीत साव, प्रमोद साव, नरेश साव, नरेश साव, हीरामन साव,होरिल साव, हीरामन साव ,निर्मल साव शामिल हैं। वही कलश यात्रा में शामिल लोगों में मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देते, मुखिया गणेश साहू, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे , चंद्रिका साव, चंदर साव, भाजपा नेता अशोक साहू, खेमलाल महतो, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता,महायज्ञ समिति के संयोजक शिव शंकर कुमार साव, अध्यक्ष हरी साव, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, सचिव राजकुमार साव, उपसचिव शंभू नाथ साहू, दशरथ साव, कारु साव , उपाध्यक्ष बोधन साव, बिंदु साव, संरक्षक कन्हाई साव, उपकोषाध्यक्ष दीपक साव, जीबलाल साव, ढलन साव,बसंत कुमार ठाकुर, सोहर राणा, जनक भुइयां, अर्जुन साव,अजीत साव, सुजीत कुमार, केदार साव ,बिहारी साव, सुखदेव कुमार, गिरधारी साहू, बबलू कुमार, जयनंदन साव,राजेंद्र साव,विजय कुमार,प्रदीप साव,हीरामन साव,उमेश साहू, सुशीला देवी, मीना देवी, चिंता देवी ,मंजू देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, पार्वती देवी, सीता देवी,देवंती देवी, दुलारचंद कुमार, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार, गंगाधर कुमार, निर्मल साव, आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने चंदवारा प्रखंड में लगाया रन फॉर खतियानी मैराथन






**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

कोडरमा सिल्ली विधानसभा से सुर्खियों में आने वाले तथा सुदेश महतो को परा. जित कर सबसे कम उम्र के विधायक बनने वाले तथा पूर्व विधायक अमित महतो चंदवारा प्रखंड अंतर्गत महतो अहरा से रन फ०र खतियान मैराथन का शुरुआत किया गया यह मैराथन चंदवारा प्रखंड होते हुए बरही से देव चंदा मोड़ तक 21 किलोमीटर तक लम्बी दूरी तय किया गया इस मौके पर पूर्व विधायक ने बताया कि जिस आशा और उम्मीद के साथ हेमंत सोरेन सत्ता में आए उनके विपरीत काम कर रही है तथा यहां के लोगों को ठगने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार बाहर यों को प्राथमिकता देकर स्थानीय झारखंडीओ के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है तथा 60 /40 में साठ किसका और चालीस किसका यह परिभाषा सरकार को बताना चाहिए इस मौके पर पूर्व प्रमुख लीलावती देवी पूर्व मुखिया महेंद्र यादव अशोक सिंह रामदेव यादव युवा नेता कृष्णा यादव तथा सैकड़ों की संख्या लोग मैं उपस्थित थे।

## बड़कागांव में अचानक बढ़ी गर्मी , अपने घरों में दुबके लोग, दिन-ब-दिन पड़ रहे बीमार

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव में पिछले 4 दिनों से ठंड के बाद अचानक भारी गर्मी पड़ रही जिसके प्रभाव के कारण लोग दिन ब दिन बीमार पड़ते नज़र रहे हैं। सर्दी खांसी बुखार से लोग ग्रसित हो रहे हैं। शरीर में आलस्य एवं कमजोरी के साथ सुस्तीपन देखा जा रहा है। प्रखंड के कई गांव के क्लीनिक में मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। ऐसी हालत में लोगों को सावधान होने की आवश्यकता है और सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ताकि शरीर को बीमार होने से रोका जा सके। लोगों को आवश्यकतानुसार हमेशा पानी का उपयोग करते रहना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी नहीं हो। वही खानपान पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। माथे को तोलिया या कैप से ढक कर चलें एवं खाली पेट कड़ी धूप में नहीं निकले खाना खाकर ही घर से निकलने की सलाह चिकित्सा पदाधिकारी ने दी है।


## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : सदर प्रखंड के धर्मपुर स्थित आंगनबाड़ी के समीप नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा मंदिर प्रांगन से निकल कर पम्पुकल स्थित औरंगानदी घाट गया फिर उसके बाद वापस मंदिर में आकर संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि उर्मिला मिश्रा के द्वारा मंदिर का निर्माण निजी कोष से कराया गया है जिसका शिलान्यास 10 फरवरी 2021 को किया गया था। उन्होंने बताया कि 9 मई को वेदी पूजन के बाद नगर भ्रमण और अधिवेशन किया जाएगा । वही 10 मई को प्राण प्रतिष्ठा, अभिषेक और हवन के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। इधर उनके इस सराहनीय कार्य के लिए जिले के कई वरिष्ठ लोगों ने बधाई दी है। कलश यात्रा में मुख्य रूप से मुख्य यजमान उर्मिला मिश्रा, नवीन मिश्रा, निशि मिश्रा ,राजन तिवारी, अनिल, संतोष मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी, धीरेंद्र मिश्रा, मयंक,ब्रजेश मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## उपायुक्त ने की विभिन्न विभाग की समीक्षा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।इसमें शिक्षा विभाग की बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, स्टीयरिंग कमेटी, पोशाक , छात्रवृति, मध्याह्व भोजन संबंधित समीक्षा कर जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंड में ई विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति की लगातार म०निटरिंग की जरूरत है।सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिन्दुओ का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। जिले की प्रत्येक स्कूलों का संचालन सही तरीके से करते हुए स्कूलों में बच्चों के ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।जबकि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की बैठक में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को गुणवता पूर्वक किए जाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। उपायुक्त द्वारा जिले में जल जीवन मिशन के तहत कार्य कर रहे सभी संवेदकों को कार्य में गुणवता एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्य पूर्ण करने के पश्चात ग्राम सभा करने का भी निर्देश दिया गया।वहीँ अनाबद्ध निधि के तहत वित्तीय वर्ष 2016दृ 2017, 2017-2018 , 2018-2019, 2019-2020, 2020-2021, 2021दृ 2022, 2022दृ2023 से संचालित योजनाओं की भौ. तिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल और कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग आदि के द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिले में योजनाओं के प्रगति से उपायुक्त को अवगत कराया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री प्रिंस कुमार,जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलको, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत ,एडीपीओ, एपीओ ,सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य विभाग पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ के अलकोपी में एक महीने बाद बहाल हुई बिजली

### जिप सदस्य शेख तैयब के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में उत्साह

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



प्रखंड के अलपीटो पंचायत अंतर्गत अलकोपी गांव के आदिवासी टोला एक महीने बाद पुनः बिजली की रोशनी से जगमग हो गया है। विष्णुगढ़ मध्य भाग के जिप सदस्य शेख तैयब के पहल पर यहां एक महीने बाद बिजली बहाल हुआ है। बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया। जिप सदस्य के प्रयास से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिप सदस्य शेख तैयब एवं पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक के द्वारा संयुक्त रुप से मंगलवार को फीता काट्कर नए बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने इसके लिए जिप सदस्य के प्रति आभार जताया है। मौके पर नारायण यादव, सहदेव यादव, जगरनाथ यादव, मनोज यादव, राहुल यादव, तुलसी यादव, मोहन मांझी, रामलाल मांझी, विशुन मांझी, होपन मांझी, दिनेश यादव, चौपिया मांझी आदि उपस्थित था। बता दें कि पूर्व में लगे बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को अंधेरे में रहने की लाचारी बनी हुई थी।

## बड़कागांव पुलिस ने सेहदा जंगल से अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जप्त, मामला दर्ज

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सेहदा गांव से पुलिस के द्वारा सोमवार सुबह 4रू00 लगभग ढाई टन अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जप्त किया गया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि वाहन मालिक के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोयला या बालू तथा किसी अन्य किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार नहीं करें अन्यथा पकड़े जाने पर छोड़े नहीं जाएंगे उन्हें जेल भेजा जाएगा।

APEM LIVE

## राशन कार्ड किसी और का जबकि चावल उठाव कर रहा है कोई और पीड़ित परिवार ने न्याय की लगाई गुहार

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**

मामला बिरनी प्रखंड के चोंगाखार पंचायत के ग्राम चरगो की है। आपको बता दें कि राशन कार्ड संख्या 202000664455 जो सविता देवी पति महेंद्र प्रसाद वर्मा के नाम से है जबकि इस राशन कार्ड से चावल का उठाव विगत तीन वर्षो से कोई और का कर रहा है। पीड़िता सविता देवी अत्यंत गरीब परिवार से है पति महेंद्र प्रसाद वर्मा प्रदेश में रहकर किसी तरह आपने परिवार का भरण पोषण करता है पत्नी और बच्चे घर में रहते हैं, कार्डधारी सविता देवी कई बार डीलर संजीत कुमार राय के पास चावल उठाने के लिए गई परंतु बार बार डीलर ने लाभुक सविता को यह कह कर लौटा दिया की तुम्हारा राशन कार्ड बंद हो गया है इसलिए चावल नही दे सकते हैं । जबकि उक्त डीलर से जब बात किया गया तो उन्होंने बताया कि कार्ड बंद नहीं है इस कार्ड से प्रतिमाह राशन का उठाव हो रहा है परंतु कौन उठाव कर रहा है मालूम नहीं है। अब सवाल उठता है कि आखिर किसके मिलीभगत से राशनकार्ड में लाभुक के परिवार के बजाय किसी अज्ञात लोगों का आधार नंबर जुड़ गया। डीलर को यह पता है कि उक्त राशन कार्ड बंद हो गया परंतु यह पता नहीं है की इसी राशन कार्ड से राशन का उठाव कौन कर रहा है, यह जांच का विषय है। इस बीच भुक्तभोगी सविता देवी ने खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को एक आवेदन कर जांच करने की मांग किया है।

## बरही : भागीदारी पार्टी (पी) झारखंड प्रदेश ने अनुमंडल परिसर में किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही अनुमंडल परिसर में भागीदारी पार्टी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। साथ ही बरही अनुमंडल पदाधिकारी को निम्नलिखित मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांगपत्र सौनोटे हुए कहा की मौजा बसरिया थाना संख्या 128 खाता संख्या 05 प्ल०ट संख्या 115 एवं अन्य कुल रकबा 3.16 डिसमिल जमीन जो स्व महादेव कुम्हार पिता स्व डोमन कुम्हार की जमीन है जो इनकी पुस्तैनी जमीन है। इस जमीन की वर्षो से रशीद कटती चली आ रही है। जिसका अ०नलाइन भुगतान भी किया जा रहा है। उक्त जमीन की अंचल अधिकारी बरही के द्वारा सदेहात्मक जमाबंदी बताकर जमाबंदी खारिज करने की अनुशंसा कर भूमि सुधार उपसमाहर्ता बरही को भेजी गई है। जो जो नियम के विरुद्ध है, उक्त जमीन पर महादेव कुम्हार का घर वो मकान बना हुआ है। तथा उक्त जमीन पर उनके वा. रिशान वास कर रहे है। ऐसे भेजी गई जमाबंदी खारिज करने की प्रक्रिया का अविलंब जांच किया जाए तथा ऐसे गलत कार्यो पर रोक लगाई जाए। 2. यह की ग्राम बरही निवासी उदय प्रसाद केशरी पिता सहदेव साव की खरीदगी भूमि ग्राम करियातपुर निकट मौजा दूधपनिया का खाता संख्या 7 प्लॉट संख्या 734 रकवा 1 एकड़ 13 डिसमिल की जमीन सन् 1972 ई से बरही अंचल कार्यालय में जमाबंदी कायम की गई है। उसके उपरांत 2005 तक अ०फलाइन रशीद भी भूमि रैयत को रसीद प्राप्त हुआ। उसके बाद केवाला के माध्यम से एक नवजमाबंदी अलग पेज पर दर्ज कर दी गई है। जिसका संपूर्ण रकबा का जांच किया जाए। 3. यह की बरही चौक के चारो मुख्य मार्गो में यात्री शेड एवं सुलभ शौचालय का निर्माण किया जाए। 4. यह की बरही चौक एनएच 33 में यातायात व्यवस्था शीघ्र किया जाए एवं यातायात आरक्षी जरूरत के हिसाब से मुहैया कराई जाए। 5. यह की बरही चौक में लगा जलमीनार जिसका निर्माण 15 वर्ष पूर्व हो चुका है उसे तुरंत चालू किया जाए। 6. यह की बरही चौक में यात्री शेड निर्माण के साथ - साथ पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। 7. यह की बरही तथा अनुमंडल क्षेत्र में दाखिल खारिज एवं ऑनलाइन संबंधी जमीन कार्य में रिश्वतखोरी पर रोक किया जाए एवं समयसीमा के अंदर कार्यो का निष्पादन किया जाए। 8. यह की सप्ताह में एक दिन सभी पंचायत के पंचायत स. चवालय में कर्मचारी एवं पंचायत सेवक की बैठक के लिए समय निर्धारित किया जाए। 9. बरही बस पड़ाव को अविलंब चालू किया जाए। 10. बरही अनुमंडलीय अस्पताल में दवा, डॉक्टर एवं चिकित्सक व्यवस्था को सुधार किया जाए। 11. एन.एच 19 में हो रहे सड़क निर्माण जो काफी सालों से लंबित है जिसके कारण कई लोगों की जान चली गई है उसे अविलंब निर्माण कार्यो को खत्म किया जाए। 12. अजय भगत एवं रणवीर यादव की खाता संख्या 18 प्ल०ट संख्या 1897 रकबा 13 डीव को जांच कर निष्पक्ष करवाई की जाए। इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति, प्रदेश प्रमुख महासचिव संजय पंडित, चतरा जिलाध्यक्ष राजेश प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा अनिता देवी केशरी, जिलाध्यक्ष गोपाल पंडित, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पंडित, अरुण प्रजापति, रमेश पंडित, राहुल प्रजा. पति, अरुण कुमार मेहता, बाबूलाल प्रजापति, अशोक प्रजापति, जानकी प्रजापति, इंद्रदेव प्रजापति, सुरेश पंडित, नरेश कुमार, कृष्णा साव, मुकेश रजक, रामसागर रजक, अशोक सिंह, संतोष चंद्रवंशी एवं बीरेंद्र प्रजापति सहित दर्जनों अन्य महिलाएं मौजूद थी।

APEM LIVE

